प्रेस विज्ञप्ति

यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा विशेष अभियान

दिनांकः—02.04.2024

श्रीमान राजेन्द्रसिंह पुलिस आयुक्त जोधपुर, के निर्देशानुसार श्री शरद चौधरी पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर के सुपरविजन में श्री दुर्गाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर एवं श्री रविन्द्र कुमार बोथरा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व/पश्चिम के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के सम्पूर्ण क्षैत्राधिकार में बढती हुई सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने व यातायात नियमो का उल्लघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्व दिनॉक 27.03.2024 से आज दिनॉक 02.04.2024 तक यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा विशेष सघन अभियान चलाकर काली फिल्म के 575 चालान, 185 एम.वी. एक्ट के तहत 14 चालान, बिना नम्बरी वाहन के 27 चालान बनाये गये। उक्त विशेष अभियान के दौरान वाहन चालको के विरूद्व मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 616 चालान बनाये गये।

यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा एमवीएक्ट की कार्यवाही के दौरान शीशों पर ब्लैक फिल्म लगी होने पर मौके पर ही ब्लैक फिल्म को शीशे से हटाया गया। आगे भी प्रतिदिन विशेष अभियान चलाकर शहर की मुख्य सडकों पर नाकाबन्दी कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहनों चालकों के विरूद्व नियमानुसार एमवीएक्ट कार्यवाही जारी रहेगी।

अतः यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर की वाहन चालकों व आमजन से विन्रम अपील है, कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों की पालना करें ओर सुरक्षित रहें। ताकि जांच के दौरान लगने वाला समय और असुविधाओ से बच सके एवं स्वयं की सुरक्षा और अमुल्य जीवन के लिए यह अति आवश्यक है।

(रविन्द कुमार बोथरा)

सहायक पुलिस आयुक्त
यातायात पूर्व/पश्चिम, जोधपुर

ALLEN
RJ 19 TB 0454

ATS